आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 31 दिसंबर 2024 समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने सिरसा के गांव चौटाला में स्वर्गीय ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धासुमन अर्पित किए।
- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि लोहारू के कॉलेज में पढ़ने वाली बेटी की आत्महत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने लोगों से 100 दिवसीय टी.बी उन्मूलन अभियान में सहयोग का आह्वान किया है।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में नववर्ष के आगमन के स्वागत को लेकर जिला पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए। हरियाणा के शहरों में सुरक्षा बढ़ाई गई।
- पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर का प्रकोप जारी।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और बी जे पी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज सिरसा के गांव चौटाला में स्व. चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय चौटाला का जीवन संघर्ष का प्रतीक रहा है। उनके मार्गदर्शन में हरियाणा को विकास के क्षेत्र में नई दिशा मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा -

उहोने कहा कि जब भी समाज के हित की बात आई श्री चौटाला ने हमेशा आगे बढ़कर योगदान दिया और लोगों तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया।

*************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि लोहारू के एक कॉलेज में पढ़ने वाली अनुसूचित जाति से संबंधित बेटी की आत्महत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। लोहारू थाने में इस सम्बन्ध में 27 दिसंबर को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है।

चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में श्री बेदी ने कहा कि इस मामले में पीड़ित बेटी के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, कि कॉलेज प्रधानाचार्य और उसके भाई ने उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता आधा अधूरा ट्वीट कर दोषियों को बचाने में लगे हैं। जबकि उन्हें उसे न्याय दिलाने के लिए आगे आना चाहिए।

बी जे पी नेता वरुण चौधरी ने आरोप लगाया है कि आत्महत्या करने वाली बेटी को प्रताड़ित करें वाले कॉंग्रेस से संबंध रखते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित बेटी के परिवार के साथ खड़ी है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

*****************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज कहा कि प्रदेश से तपेदिक को समाप्त करने के लिए 7 दिसंबर को शुरू किया गया “100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान” 25 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष दिसंबर तक प्रदेश में तपेदिक के ख़ात्मे का लक्ष्य रखा गया है।आज चंडीगढ़ में जारी बयान में प्रदेश के लोगों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए "टी बी उन्मूलन अभियान" में सहयोग के लिए आह्वान किया है।मंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम जिला कारावास से लेकर हर शहर व गांव में जाकर तपेदिक के मरीजों की पहचान कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के चिकित्सा अधिकारियों से भी अभियान के दौरान पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करने को कहा है। उन्होंने चिकित्सकों को नागरिकों को निक्षय मित्र बनने के

लिए भी प्रोत्साहित करने तथा उन्हें निक्षय पोर्टल के बारे में जानकारी देने का आह्वान भी किया है।

*****************************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में नववर्ष के आगमन के स्वागत को लेकर जिला पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं।पंचकूला से हमारी संवाददाता ने बताया है कि लोगों द्वारा पांच राजपत्रित अधिकारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि 300 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। शहर में 26 स्थान पर नाके लगाए गए हैं जिनमें आठ नाके शराब पी कर गाड़ी चलाने वालों पर निगरानी के लिए लगाए गए है। पर्यटक स्थलों विशेषकर मोरनी में पुलिस विशेष तौर पर सतर्क रहेगी। पुलिस बल दंगा नियंत्रण उपकरण और कैमरों के साथ तैनात रहेगा।पंचकूला के पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने लोगों के नाम संदेश में नववर्ष के आगमन की घड़ी को शांति से मनाने की अपील की है।

पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक ने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों और यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पानीपत से हमारे संवाददाता ने बताया है कि नव वर्ष के शांतिपूर्ण जश्न व आमजन की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पानीपत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा है कि सार्वजनिक स्थानो और सड़क के किनारे शराब पीने वालों, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ कर ध्वनि प्रदूषण करने और हुड़दंग मचानेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने किसी भी संदिग्ध या असामान्य गतिविधि की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या पुलिस कर्मियों या डायल 112 पर सूचना देने की अपील भी की है।कुरुक्षेत्र से हमारी संवाददाता ने बताया है कि पुलिस द्वारा नव वर्ष के आगमन पर जश्न के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने प्रभावी प्रबंध किए गए हैं।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस के द्वारा भीड़-भाड़ वाली जगहों, सार्वजनिक स्थानों, बस अड्डे , रेलवे स्टेशन पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी और पुलिस वाहन तैनात किए गए हैं। जिले भर में 27 नाके लगाए गए हैं ।

*****************************************************************

हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश,चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित उत्तर भारत में शीत लहर जारी है। चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक शीत लहर जारी रहेगी।मौसम विभाग ने आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में देर रात के दौरान घना कोहरा छाए रहने की संभावना भी जताई है।

*****************************************************************

भिवानी के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने भी शीत लहर चलने की संभावना जताई है।

उन्होंने कहा कि धुंध का आगमन फसलों के लिए लाभकारी होगी।

*****************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने देश व प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।श्री दत्तात्रेय ने नए साल का स्वागत नई आशा, उमंग, संकल्प और उत्साह के साथ करने और एक मजबूत, अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया है।

*****************************************************************

अंबाला शहर के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कर्मचारियों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में नव वर्ष का अभिनंदन अनोखे तरीके से करने की पहल की है। सभी कर्मचारियों और स्वयं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने आज नव वर्ष की पूर्व संध्या पर इस वर्ष के सभी लंबित कार्यों को निपटा कर एक दूसरे को 'जीरो पेंडेंसी' रिपोर्ट दिखाकर नव वर्ष की बधाई दी।

*****************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सोनीपत जिले के गांव रूखी की बेटी सान्या पांचाल को कश्मीर से कन्याकुमारी तक मैराथन दौड़ के लिए शुभकामनाएं दीं।उन्होंने अंबाला छावनी में सान्या का स्वागत करते हुए अपने स्वैच्छिक कोष से

सान्या को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। सान्या ने बताया कि उन्होंने 13 दिसंबर को कश्मीर के लाल चौक से यह यात्रा शुरू की है और अप्रैल तक कन्याकुमारी पहुंचने का लक्ष्य है।